भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं.*44
उत्तर देने की तारीख 03 दिसम्बर, 2025

बेस ट्रांसीवर स्टेशन

***44. श्री सी. एन. अन्नादुरईः**
श्री जी. सेल्वमः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने तमिलनाडु में 35,655 '5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन' (बीटीएस) स्थापित किए हैं और सभी जिलों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) विशेषकर तिरुवन्नामलाई और कांचीपुरम जिलों सहित स्थापित किए गए 5जी बीटीएस का जिला-वार ब्यौरा क्या है और इनमें से प्रत्येक जिले में 5जी नेटवर्क के अंतर्गत कितने गांवों को शामिल किया गया है;
(ग) क्या सरकार का विचार इन जिलों के ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों में 5जी कनेक्टिविटी और डिजिटल अवसंरचना में सुधार करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान करने का है;
(घ) तमिलनाडु में स्थापित '5जी यूज केस लैब' और 'टेस्ट बेड्स' का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार की स्टार्ट-अप्स और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने के लिए तिरुवन्नामलाई और कांचीपुरम जिलों में अथवा उनके आस-पास ऐसी नवाचार और अनुसंधान सुविधाएं स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ङ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

“बेस ट्रांसीवर स्टेशन” के संबंध में दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 44 के भाग (क) से (ङ) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) दिनांक 31-10-2025 की स्थिति के अनुसार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने तमिलनाडु में 37,187 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) स्थापित किए हैं। इसके अलावा तमिलनाडु के सभी जिलों में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा 5जी सेवाएं लॉन्च की गई हैं।

(ख) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार तिरुवन्नामलाई और कांचीपुरम जिलों सहित तमिलनाडु में 5जी बीटीएस की जिला-वार संख्या अनुबंध-I में दी गई है। इसके अलावा तिरुवन्नामलाई और कांचीपुरम जिलों के क्रमशः 224 और 231 गांवों में 5जी बीटीएस स्थापित किए गए हैं।

(ग) जी हॉ, सरकार ने तिरुवन्नामलाई और कांचीपुरम जिलों के ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों सहित देश भर में 5जी कनेक्टिविटी और डिजिटल संचार अवसंरचना में सुधार करने के लिए कई तकनीकी और वित्तीय पहल की हैं। इन पहलों में अन्य *बातों के साथ-साथ* निम्नलिखित शामिल हैं -

i वर्ष 2022 में 5जी मोबाइल सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी।

ii समायोजित सकल राजस्व (एजीआर), बैंक गारंटी (बीजी) और ब्याज दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए वित्तीय सुधार।

iii वर्ष 2022 और उसके बाद की नीलामी में प्राप्त स्पेक्ट्रम के लिए स्पेक्ट्रम उपयोग प्रभार को हटाना।

iv एसएसीएफए (रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटन संबंधी स्थायी सलाहकार समिति) की मंजूरी के लिए प्रक्रिया को सरलीकृत बनाना।

v आरओडब्ल्यू अनुमतियों को सुव्यवस्थित करने और दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना की मंजूरी के लिए गतिशक्ति संचार पोर्टल और आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) नियमों को लॉन्च करना।

vi स्मॉल सेल और दूरसंचार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग के लिए समयबद्ध अनुमति।

vii 4जी सेचुरेशन स्कीम द्वारा सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज प्रदान किया जाना।

(घ) और (ङ) स्टार्ट-अप और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी मद्रास में एक 5जी टेस्ट बेड स्थापित किया गया है और तमिलनाडु के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में सात 5जी यूज केस लैब स्थापित की गई हैं। ये सात संस्थान हैं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग गिंडी (चेन्नई), एसएएसटीआरए डीम्ड यूनिवर्सिटी (तंजावुर), श्री शिवसुब्रमण्यम नादर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (चेन्नई), सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज (चेन्नई) और एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (चेंगलपट्टू जिला)। उल्लेखनीय है कि चेन्नई, वेल्लोर और चेंगलपट्टू जिले तिरुवन्नामलाई और कांचीपुरम जिलों के निकट या आस-पास हैं।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 03.12.2025 के लोकसभा के तारांकित प्रश्न संख्या 44 संबंधी अनुबंध

तमिलनाडु में 5जी बीटीएस की जिला-वार संख्या:

क्रम संख्या	**जिला**	**5जी बीटीएस की संख्या**
1	अरियालुर	127
2	चेंगलपट्टू	2,251
3	चेन्नई	4,679
4	कोयम्बटूर	3,169
5	कुड्डालोर	984
6	धर्मपुरी	605
7	डिंडीगुल	827
8	ईरोड	1,279
9	कल्लाकुरिची	319
10	कांचीपुरम	904
11	कन्याकुमारी	786
12	करूर	464
13	कृष्णागिरी	1,195
14	मदुरई	1,563
15	मयिलादुथुराई	108
16	नागपट्टिनम	334
17	नमक्कल	788
18	पेरम्बलूर	170
19	पुदुक्कोट्टई	447
20	रामनाथपुरम	443
21	रानीपेट	492
22	सलेम	1,863
23	शिवगंगा	432
24	तेनकासी	457
25	तंजावुर	874
26	नीलगिरी	282

27	थेनी	481
28	तिरुवल्लूर	2,475
29	तिरुवरूर	341
30	थूथुकुडी	735
31	तिरुचिरापल्ली	1,241
32	तिरुनेलवेली	830
33	तिरुपथुर	523
34	तिरुप्पुर	1,787
35	तिरुवन्नामलाई	675
36	वेल्लोर	873
37	विलुप्पुरम	601
38	विरुधुनगर	783
	कुल	37,187

*****